C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:42 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:27 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 115 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 24 अक्टूबर 2024

बार-बार अभिनय से ब्रेक लेने...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## रात्रि चैकिंग अभियान चलाया, 3 वाहन किए सीज

**नैनीताल ।** पुलिस कप्तान प्रह्लाद नारायण मीणा के निर्देश पर अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने, नागरिकों तथा पर्यटकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने एवं स्थानीय सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के विशेष मकसद से इन दिनों जिले में चला रात्रि चैकिंग अभियान चलाया गया।
इसी के तहत मंगलवार देर रात मल्लीताल कोतवाल हरपाल सिंह व तल्लीताल थाना अध्यक्ष रमेश बोरा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा माल रोड समेत फ ांसी गधेरा तल्लीताल, हल्द्वानी रोड तथा भवाली रोड व आसपास के क्षेत्र में सघन चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 3 वाहनों को सीज कर दिया गया साथ ही दर्जनों वाहन चालकों के मेडिकल भी कराए गए। इस मौके पर एसआई दीपक कार्की तथा कांस्टेबल मनोज जोशी,संदीप सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

## हत्यारोपी को आजीवन कारावास व बीस हजार अर्थदंड की सजा सुनाई

**नैनीताल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिकन्द कुमार त्यागी ने हत्यारोपी को आजीवन कारावास और बीस हज़ार रुपये जुर्माने की सज़ा सुनाई। ज़िला शासकीय अधिवक्ता नन्दन सिंह धामी ने बताया कि राणा फार्म बाजपुर निवासी मोनिश ने 18 मार्च 2021 को बाजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि इसी राणा फार्म पर ही काम करने वाले विक्की पुत्र शंकर सिंह ने किसी बात को लेकर 17 मार्च 2021 की रात क़रीब साढ़े नौ बजे अचानक मेरे पिता रफ़ीक के सिर पर डंडे से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पिता को लेकर बाजपुर अस्पताल ले गए। जहां से उन्हें हल्द्वानी रैफर कर दिया गया। वहां पर उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी और विक्की को गिरफ़्तार कर उसकी निशानदेही पर आला कतल डंडा बरामद कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने डंडे की वैज्ञानिक जाँच कराई तो उस पर मृतक के सिर का बॉल चिपका हुआ था।

# गेठिया में 50 महिलाओं ने लिया एक माह का ऐपण प्रशिक्षण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान,एक्सचेंजर व चेष्टा विकास कल्याण समिति ज्योलीकोट के सहयोग से ग्राम सभा गेठिया में एक माह का ऐपण का प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जिसमें 50 महिलाओं ने प्रतिभाग जा रहा है। चेष्टा संस्था की समन्वयक सुमन अधिकारी ने बताया कि पहाड़ की सभी महिलाओं को एपण की जानकारी है। हर घर में खास त्योहारों में ऐपण किया जाता है। लेकिन युवा पीढी को ऐपण की



पूर्ण जानकारी नहीं है जिसके चलते अब प्लास्टिक में बने ऐपण बाजार से लाकर घरों में लगाए जा रहे हैं,जिसको देखते हुए संस्था की ओर से ग्रामीण महिलाओं के लिए ऐपण प्रशिक्षण की शुरूआत की गई है जिससे महिलाएं ऐपण को सही तरीके से बनाना सीखेंगी। प्रशिक्षकों की ओर से महिलाओं को ऐपण की बारीकियां सिखाई जाएंगी जिससे महिलांए एपण बनाकर बाजारों में बेचकर रोजगार कर सकती हैं। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति महा प्रबंधक जिला उद्योग हल्द्वानी योगेश पांडे ने महिलाओं को विभाग से संचालित सरकारी योजनाओं के बारे में बताया । जिला उद्योग से मिलने वाली सब्सिडी और कम ब्याज दर वाली योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान हल्द्वानी से बालकृष्ण जोशी समन्वयक ने बताया कि उनके विभाग ने मार्केटिंग एक्सचेंजर के सहयोग से दूर दराज मेलों में उद्यमी महिलाओं के आने जाने व रहने की भी व्यवस्था की जाती है, साथ ही रोजगार के लिए सहयोग दिया जाता है। उत्तराखंड ग्रामीण बैंक से बीडी नैनवाल ने कहा कि कोई भी उद्यमी उत्तराखंड ग्रामीण बैंक से सहायता ले सकता है। उन्होंने बैंक से संचालित योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुकुल कुमार, सविता, भावना आर्य, कंचन बिष्ट, तुलसी दास , दीपा शाह ए रजनी व बैंक सखी चंद्र जीना मौजूद रहे।

यूपी के मजदूर को लगी है गोली

# जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमला दहशतगर्दों ने एक को मारी गोली

**जम्मू-कश्मीर**

एजेंसी

दक्षिण कश्मीर के बटगुंड त्राल में आतंकी हमला हुआ है। आतंकियों ने इस बार भी प्रवासी मजदूर को निशाना बनाया है। उत्तर प्रदेश के बिजनौर के रहने वाले मजदूर प्रीतम सिंह को गोली लगी है। जम्मू-कश्मीर में एक और आतंकी हमला हुआ है। इस बार आर्तकियों ने पुलवामा में गैर कश्मीरी को निशाना बनाया है। गोली लगने से मजदूर घायल हो गया है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत खतरे से बाहर है।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के त्राल इलाके में गुरुवार सुबह आतंकवादियों ने उत्तर प्रदेश के एक मजदूर को गोली मारकर घायल कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि बिजनौर निवासी प्रीतम सिंह को बटागुंड गांव में आतंकवादियों ने गोली मार दी, मजदूर के हाथ में गोली लगी है। प्रीतम सिंह को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। पिछले एक



सप्ताह में कश्मीर में गैर-स्थानीय मजदूरों पर लगातार हमले हो रहे है। इससे पहले, गांदरबल में श्रीनगर-लेह हाईवे पर सोनमर्ग के पास गगनगीर इलाके में जेड मोड़ सुरंग निर्माण कर रही कंपनी में कार्यरत प्रवासी मजदूरों पर रविवार की रात आतंकियों ने हमला कर एक डॉक्टर और छह मजदूरों की हत्या कर दी थी। मारे गए मजदूरों में कश्मीरी और गैर कश्मीरी दोनों हैं। प्रवासी मजदूरों पर हाल के वर्षों का सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। आतंकी दो बताए जा रहे हैं। यह वारदात शोपियां में बिहार के मजदूर अशोक चौहान के आतंकी हमले में मारे जाने के एक दिन बाद हुई है। बता दें कि कश्मीर के अलग-अलग जिलों में चलने वाली तमाम बड़ी परियोजनाओं में प्रवासी मजदूर काम करते हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब के मजदूर कश्मीर में सेब के बगीचों और इसकी पैकिंग में काम करते हैं। निर्माण कंपनियों के विभिन्न प्रोजेक्ट में ये काम करते हैं। यहां तक कि कश्मीर में स्थानीय स्तर पर फल-सब्जी बेचने वालों में भी इनकी बड़ी संख्या है। रेलवे की योजनाओं में भी इन मजदूरों से काम लिया जाता है। जानकारी के अनुसार, आतंकियों ने 2021 में भी इसी तरह प्रवासी मजदूरों पर आतंकी हमले किए थे।

# त्योहार को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिठाईयों की दुकानों पर की छापेमारी

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

दीपावली त्योहार के दृष्टिगत सगन जांच अभियान के दौरान हल्द्वानी में बेचे जा रहे मिठाईयों की जांच करने पर एसके फूड प्रोडक्ट द्वारा निर्मित मिठाईयां सप्लाई होती पाई गयी।

जिसमें निर्माता का पता एसके फूड प्रोडक्ट ऊधम सिंह नगर लिखा पाया गया, जिसको विभाग ने ट्रेस करने पर उक्त फर्म संजय नगर खेड़ा, रुद्रपुर में संचालित होना पाया गया। इसी के चलते 23.10.2024 को उपायुक्त कुमाऊं मण्डल अनोज थपलियाल के नेतृव में खाद्य सुरक्षा विभाग ऊधम सिंह नगर की टीम ने उक्त प्रतिष्ठान पर छापेमारी कार्रवाई की। इस दौरान मौके पर मिठाई इत्यादि तैयार करने का कारखाना संचालित होना पाया गया। संदेह के आधार पर कलाकन्द, डोडा बर्फी मिल्क केक, पतीसा का निर्माण करते तथा रसगुल्ला, गुलाब जामुन का ट्रेडिंग करते पाये गये। संदेहास्पद खाद्य पदार्थों के दृष्टिगत मिल्क केक, कलाकन्द, बर्फी, पतीसा के कुल 4 नमूने जांच हेतु लिये गये। उपायुक्त कुमाऊं मंडल नैनीताल की उपस्थिति में टीम में जिला अभिहित अधिकारी, डा प्रकाश फुलारा, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, काशीपुर श्रीमती अपर्णा साह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, रूद्रपुर, आशा आर्या शामिल थे। जिला अभिहित अधिकारी, डा प्रकाश फुलारा ने सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि यदि किसी भी खाद्य कारोबारकर्ता ने एफएसएसए एक्ट 2006 के मानकों के अनुरूप नहीं पाये जाने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थों का विक्रय/ संग्रहण / निर्माण किया जाता है और बिना पंजीकरण/लाईसेंस के खाद्य कारोबार किया जाता है तो उसके विरूद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जायेगी, साथ ही खाद्य कारोबारियों को निर्देशित किया गया कि खाद्य पदार्थों के बिलों पर एफएसएसएआई एलआईसी नंबर अंकित करें, बाह्य प्रदेशों से केवल पंजीकृत /लाईसेंसधारी खाद्य कारोबारकर्ता से ही खाद्य पदार्थों को क्रय करने के निर्देश दिये। साथ ही जनता से अपील की गई कि खाद्य एवं पेय पदार्थों को खरीदते समय निर्माण तिथि/उपभोग की तिथि व खाद्य कारोबारकर्ता का खाद्य लाईसेंस एवं पंजीकरण अवश्य देख लें तथा निम्न गुणवत्ता, अस्वछकर एवं अस्वस्थ्यकर खाद्य सामग्री विक्रय किये जाने पर टोल फ्री नम्बर 18001804246 पर शिकायत करें।

# भाविप शाखा कठगोदम का कैंसर जागरूकता गोस्टी कार्यक्रम संपन्न

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

सेंट थेरेसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारत विकास परिषद शाखा कठगोदम का महिलाओं के सर्विक्स कैंसर जागरूकता गोस्टी कार्यक्रम संपन्न हुआ 800 छत्राओ ने गोस्टी कालाभ लिया उजाला सेंट्रल हॉस्पिटल के कैंसर सर्जन डॉ शलभ अरोड़ा ने बताया कैंसर आजकल बहुत तेज़ी से बड रहा है जिसका करण गलत आहार, शराब तंबाकू फास्ट फूड गलत जीवन सेली , मोटापा आदि है।

बालिकाओं में एव महिलाओं में सर्विक्स कैंसर बहुत अधिक होता है इव इसका संक्रमण काल 12 से 14 वर्ष का है। इसके बचाव के लिए निरंतर 3-3 वर्ष में जांच कराते रहना चाहिए एव वेक्सिन 12 वर्ष से 26



वर्षकी बालिकाओं को लगवाना चाहिए, गोस्टी का प्रारंभ विद्यालय प्राचार्य, अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी सचिव नीलम शर्मा महिला संयोजिका गरिमा सिंहल ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में ममता खुल्लर कानिका बमेटा श्यामली छीमवाल उपस्थित थी।

# लाइब्रेरी के बेचलर उपाधिधारक भर्ती में हो सकेंगे शामिल

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

कैबिनेट ने पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर भर्ती के प्रस्ताव को हरी झंडी दी है। बैठक में उत्तराखंड प्राविधिक शिक्षा विभाग (अप्राविधिक और अराजपत्रित) सेवा (संशोधन) नियमावली 2024 के तहत नई व्यवस्था को मंजूरी दे दी गई।

अब राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में बैचलर इन लाइब्रेरी साइंस एवं बैचलर इन लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस में उपाधि धारक भी पुस्तकालय अध्यक्ष की भर्ती के लिए पात्र होंगे।

बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी गई है। लंबे समय से पॉलीटेक्निक संस्थानों में पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर भर्ती के लिए नियमावली में संशोधन की मांग की जा रही थी। बुधवार को



कैबिनेट की बैठक में उत्तराखंड प्राविधिक शिक्षा विभाग (अप्राविधिक और अराजपत्रित) सेवा (संशोधन) नियमावली 2024 के तहत नई व्यवस्था को मंजूरी दे दी गई। इससे अब पॉलीटेक्निक संस्थानों में पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर भर्ती परीक्षा में स्नातक उपाधिक के साथ डिप्लोमा धारक अभ्यर्थियों के साथ-साथ बैचलर इन लाइब्रेरी साइंस (बी.लिब.एससी) एवं बैचलर इन लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस (बी.लिब एंड आईएससी) उपाधि धारकों को भी शामिल होने का मौका मिल सकेगा। इससे राज्य के योग्य एवं प्रतिभावान युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो सकेंगे।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता,नशे पर कड़ा प्रहार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

अवैध नशे की तस्करी करने वालों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है।

पंतनगर थाना क्षेत्र में पुलिस और एएनटीएफ टीम ने 4 किलो 35 ग्राम चरस के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों तस्करों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही। पुलिस कार्यालय में खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि जनपद में नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एएनटीएफ और पंतनगर पुलिस ने मंगलवार देर सायं रुद्रपुर हल्द्वानी रोड टांडा जंगल के पास चैकिंग के दौरान संदिग्ध प्रतीत होने पर एक स्कूटी संख्या यूके 04 एजे 0346 को चेक किया।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने तलाशी लेने पर स्कूटी चला रहे व्यक्ति तथा स्कूटी के पीछे बैठे व्यक्ति के कब्जे से 4 किलो 35 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में दोनों अपना नाम चन्द्रशेखर भट्ट पुत्र रमेश चंद्र भट्ट निवासी ग्राम झिरकोट थाना धौलाछीना अल्मोड़ा और दिनेश बेलवाल उर्फ दीपक बेलवाल पुत्र गंगा दत्त निवासी ग्राम सलडी थाना भीमताल बताया। उनके कब्जे से दो मोबाइल और 3100 रूपये की नगदी भी बरामद हुयी। पकड़े गये आरोपियों से बरामद अवैध चरस के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि उक्त अवैध चरस को गांव में थोड़ी थोडी एकत्र कर बेचने के लिए लाये थे। एसएसपी ने बताया कि पुलिस जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। टीम में एएनटीएफ यूनिट प्रभारी राजेश पांडे समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।



## अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चल रहे अभियान

**रुद्रपुर।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि जनपद में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत 1 सितम्बर 2024 से 23 अक्टूबर 2024 तक ऊधमसिंहनगर पुलिस ने 2 करोड़ 81 लाख 74 हजार 40 रुपए की अवैध नशीली सामग्री बरामद की है। उन्होंने बताया कि नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी।

### कार्रवाई

- **पंतनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने 4 किलो 35 ग्राम चरस के साथ दो तस्कर दबोचे, नगदी भी बरामद**

## बाईक सवार युवकों ने कार चालक पर हमला, गंभीर

**रुद्रपुर।** बाईक सवार दो युवकों ने एक कार चालक को सरेआम पीट दिया और ईट पत्थर मारकर कार क्षतिग्रस्त कर दी। हमले में कार चालक को गंभीर चोटें आयी हैं। उसे उपचार को चिकित्सालय ले जाया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक तपस्या विहार निवासी केहर सिंह पुत्र सरवन सिंह ने बताया कि वह अपनी कार से रूद्रपुर की तरफ आ रहा था। रात्रि करीब 9:30 बजे कार से एक स्कूल के निकट किच्छा बाईपास रोड रोडवेज के पास पहुंचा। तभी रॉंग साइड से तेज रफ्तार व लापरवाही से ओवर टेक कर बाईक पर सवार दो अज्ञात युवकों ने कार को रूकवाया। टक्कर का बहाना कर हमला कर दिया। जबकि कार से किसी प्रकार की कोई टक्कर नहीं हुई थी। दोनों युवकों ने हाथ में पहने कड़े से सिर पर जान लेवा हमला कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया। इसके अलावा कार में भी बुरी तरह से कड़े व ईट पत्थर से तोड़फोड़ कर दी। आरोप है कि जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। घटना के बाद उसने रोडवेज पर तैनात पुलिस को सूचना दी।



## 400 शोधकर्ता भाग ले रहे यूआरएसआई और आरसीआरएएस सम्मेलन में

नैनीताल

हमारे संवाददाता

पर्यटक नगरी नैनीताल के स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) और ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, देहरादून ने संयुक्त रूप से 22 से 25 अक्टूबर तक भीमताल में यूआरएसआई व आरसीआरएएस सम्मेलन के छठे संस्करण की मेजबानी कर रहे हैं। सम्मेलन में देशभर से लगभग 400 शोधकर्ता भाग ले रहे हैं। एरीज के निदेशक एवं सम्मेलन के संयोजक डॉ. मनीष नाजा ने प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे जीवन में, रेडियो तरंगों का उपयोग कई तकनीकों में होता है, जैसे वाई-फाई नेटवर्क, संचार उपग्रह, सैटेलाइट नेविगेशन और चिकित्सा। इन तकनीकों के अलावा रेडियो तरंगों का विज्ञान में विभिन्न क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण योगदान है, जिसमें प्लाज्मा भौतिकी, खगोल विज्ञान और पृथ्वी के निकट के अंतरिक्ष वातावरण शामिल हैं। कहा कि रेडियो विज्ञान के क्षेत्र में अध्ययन, अनुसंधान, अनुप्रयोग और वैज्ञानिक विचारों का आदान-प्रदान क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किया जाना महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस कार्य को इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेडियो साइंस की ओर से किया जा रहा है। कहा कि भारत में रेडियो विज्ञान के प्रसार और युवाओं में इस क्षेत्र के प्रति रुचि उत्पन्न करने के लिए इंडियन रेडियो साइंस सोसाइटी कार्यरत है। हर दो साल में आयोजित क्षेत्रीय रेडियो विज्ञान सम्मेलन रेडियो विज्ञान के 10 प्रमुख क्षेत्रों को कवर करता है। बताया कि इससे पहले के सम्मेलन पुणे, दिल्ली, तिरुपति, वाराणसी और इंदौर में आयोजित किए गए थे। इस दौरान इंडियन रेडियो सोसाइटी के प्रो. एस. अनंतकृष्णन, ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के उपाध्यक्ष प्रो. कजुया कोबायाशी, आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. अमिताभ सेन गुप्ता व ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. संजय जस्सोला ने भी अपने विचार रखे।

## संदिग्ध हालत में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक, गिरीश आर्या (28) का शव ससुराल के आंगन में लगे एक पेड़ से लटका मिला। इस घटना को एक माह हो गया है, लेकिन पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई न होने पर परिजन उग्र हो गए हैं। गिरीश मूलरूप से काठगोदाम का निवासी था और रुद्रपुर में अपनी पत्नी के साथ रहता था। उसके भाई, चंदन राम के अनुसार, गिरीश की शादी 2022 में हुई थी, लेकिन पत्नी और उसके परिवार ने हमेशा पैसे के लिए गिरीश पर दबाव बनाया। चंदन ने बताया कि 15 सितंबर को गिरीश की पत्नी पूजा बिना बताए मायके चली गई, और जब गिरीश उसे लेने गया, तो उसने जाने से मना कर दिया। इस दौरान ससुरालियों ने गिरीश को जान से मारने की धमकी भी दी। गिरीश 21 सितंबर को ससुराल गया, लेकिन लौटकर नहीं आया। अगले दिन उसका शव एक पेड़ से लटका मिला। परिजनों का आरोप है कि गिरीश की पत्नी और ससुरालियों ने मिलकर उसकी हत्या की और शव को छिपाने के लिए पेड़ से लटका दिया। पोस्टमार्टम के बाद चंदन राम ने काठगोदाम थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। इससे नाराज परिजनों ने बुधवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन का घेराव किया, और उचित कार्रवाई की मांग की। परिजनों का कहना है कि गिरीश की हत्या के पीछे ससुरालियों की साजिश है, और वे न्याय की तलाश में हैं।

## युवक ने जहर गटका, मौत

**हल्द्वानी।** एक युवक ने संदिग हालत में विषाक्त का सेवन कर लिया। उसे गंभीर हालत में एसटीएच ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घ्शोषित कर दिया। मृतक खेतीबाड़ी का काम करता था। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। युवक ने सुसाइड किन कारणों से किया, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लखनपुर गौलापार निवासी मोहन सिंह संबल ने बीती रात अज्ञात कारणों के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर एसटीएच पहुंचे जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## NEWS / फटाफट

### अवैध शराब के कारोबार नेटवर्क तोड़ने का चलाया अभियान



**नैनीताल।** जिले में अवैध शराब के कारोबार के संगठित गिरोह के नेटवर्क को तोड़ने के लिए शासन की ओर से चलाए गए विशेष अभियान का आगाज हो गया है। आगामी त्यौहारी सीजन को देखते हुए नैनीताल जिले में विशेष छापामारी व निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। नैनीताल जिले की जिला आबकारी अधिकारी मीनाक्षी के नेतृत्व में ऑपरेशन क्लीन अभियान की शुरुआत हो गई है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 21 अक्टूबर से शुरु हो चुका है जो आगामी 4 नवंबर (सोमवार) तक चलाया जाएगा। इस अभियान में जिले से शराब तस्करों का सफाया तो होगा ही साथ ही लाइसेंसी शराब की दुकानों की आड़ में अवैध शराब का कारोबार और ओवर रेटिंग करने वाले विक्रेताओं पर भी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि अवैध शराब का निर्माण, जहरीली शराब बनाने वाले व उसकी तस्करी करने वाले पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला आबकारी अधिकारी मिनाक्षी ने कहा शराब तस्करी को रोकने के लिए विभाग ने अपनी रणनीति पर काम करना शुरु कर दिया है। अवैध शराब तस्करी को रोकने के लिए आबकारी विभाग की स्पेशल टीम के तैनात की गयी है।

### शहर में स्ट्रीट लाइटों को सही किया गया



**हल्द्वानी।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत विद्यालयों के साथ ऑनलाइन बैठक के उपरांत गठित टीम द्वारा तीन स्थान ऐसे सुझाए गए थे जहां नगर निगम अंतर्गत स्ट्रीट लाइट की समस्या होने के कारण बालिकाओं को असुरक्षा का भाव महसूस होता है। चिन्हित स्थानों में से जीजीआईसी के पास एवं जेल रोड चौराहे पर 10 लाइटों के स्विच ठीक करके स्ट्रीट लाइटों को सही किया गया। इसके साथ ही केबीएम पब्लिक स्कूल से मुखानी तक भी स्ट्रीट लाइटों की समस्या से अवगत कराया गया था जो की सभी लाइटें ठीक कर दी गई है। साथ ही मैट्रिक्स हॉस्पिटल के पास तिलक नगर में भी स्ट्रीट लाइट ठीक कराई गई।

### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक: स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक **श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा उत्तरांचल दीप प्रेस चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## लेक्स इन्टरनेशनल स्कूल में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना कार्यक्रम सम्पन्न

नैनीताल

हमारे संवाददाता

लेक्स इन्टरनेशनल स्कूल, भीमताल द्वारायू0के0 बटालियन एनसीसी नैनीताल के तत्वावधान में सोशियल सर्विस एन्ड कम्यूनिटी डवलपमेंन्ट के अर्न्तन्त प्रधानमन्त्री मत्स्य सम्पदा योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मत्स्य विभा- के सीनियर साइंटिस्ट डॉ0 बीजू सैम कमलम ने कैडेट्स को प्रधानमन्त्री मत्स्य सम्पदा योजना के बारे में प्रशिक्षण दिया और उन्हें मत्स्य पालन की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स सुहानी सिंह ने हिन्दी में तथा रचिता इटनी ने अंग्रेजी में अपने विचार रखे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कैडेट्स को मत्स्य पालन से सम्बन्धित एक वीडियो भी दिखाया गया। प्रषिक्षण शिविर में कुल 75 कैडेट्स शामिल हुए। इस अवसर पर सीनियर डिवीजन एएनओ राम मनोहर सिंह धोनी और जूनियर डिवीजन एएनओ गोकुल पाल ने प्रशिक्षण में सहयोग प्रदान किया।



प्रषिक्षण प्राप्त कर रहे सभी कैडेट्स को शुभकामनाऐं देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य एसएस नेगी द्वारा डॉ0 कमलम को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया और प्रशिक्षण शिविर को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने के लिए सभी प्रशिक्षकों का धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन असवर पर केडेट्स द्वारा एनसीसी सॉंग के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का संचालन कैडट पल्लवी चौहान ने किया।

## विदेशी महिला से फेसबुक पर दोस्ती व्यक्ति को पड़ा महंगा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

फेसबुक पर दोस्ती करके एक विदेशी महिला ने डॉलर गिफ्ट करने का झांसा देकर 4 लाख 98 हजार रूपये की ऑनलाईन ठगी कर ली। पीड़ित की तहरीर के आधार पर साईबर क्राइम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ग्राम बखपुर,उत्तमनगर थाना पुलभट्टा निवासी विनोद कुमार पुत्र ज्ञानेन्द्र प्रसाद ने साईबर क्राइम पुलिस को दी तहरीर दी। तहरीर में बताया कि उसकी फेसबुक आईडी पर अज्ञात विदेशी महिला की जेनी सूरेज नाम से फ्रेंड रिक्वेस्ट आयी थी। रिक्वेस्ट को उसने स्वीकार कर लिया। फेसबुक पर दोस्ती करने के पश्चात विदेशी महिला ने विश्वास में लेकर विदेश से कुछ कीमती उपहार भेजने की बात कही एवं विदेशी व्हट्सअप नम्बर 447311559776 से चैट करने लगी। काफी समय तक बातें करने पर उसे विदेशी महिला पर विश्वास हो गया। फिर अचानक उसे एक अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल नंबर 7629855061, 9046622172 से कॉल कर स्वयं को दिल्ली एयरपोर्ट से कस्टम एजेंट बताते हुए एक विदेशी पार्सल आने की जानकारी दी। जिसे जेनी सूरेज ने भेजना बताया। पार्सल में महंगे उपहार होने के कारण इसका कस्टम चार्ज पेड करने को कहा गया। यकीन करते हुए उसने कस्टम चार्ज पेड करने का निर्णय लिया और कुछ धनराशि ट्रांन्सफर कर दी। उक्त एजेन्ट ने कहा कि पार्सल के साथ 35 हजार डॉलर भी हैं जो सीधे आपको नहीं भेजे जा सकते हैं जिस हेतु आपका एटीएम बनाया जायेगा। उसी में ये रूपये ट्रांसफर किये जायेंगे। चार्ज के लिए पुनः धनराशि ट्रांन्सफर की गयी। झांसे में आकर उसने अलग अलग बार बैंक खातों में कुल 4,98,000 रुपए जमा किये। पीड़ित के मुताबिक बाद में उसे पता चला कि फर्जी उपहार भेजने का लालच देकर उसके साथ ठगी की गयी है। साईबर क्राइम पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।

# अभिमत

## झूठ-सच का फैसला

*लोकसभा चुनाव में पिछड़ने के बाद भाजपा ने वापसी की है। हरियाणा की जीत से यह साबित हो गया है कि भाजपा किसान विरोधी नहीं है। किसानों के आंदोलन और कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी के झूठ का खुलासा हो गया है। अग्निवीर योजना के बारे में युवाओं को गुमराह करने का एजेंडा भी सफल नहीं हुआ। पहलवानों को सरकार के खिलाफ भड़का कर चुनाव में इस्तेमाल करने का हथकंडा कांग्रेस के काम नहीं आया। जम्मू-कश्मीर में सत्ता से वंचित रहने की भाजपा संगठन और राजनीति के विशेषज्ञ विश्लेषण करके निष्कर्ष निकालेंगे। हरियाणा की जीत से भाजपा का उत्साहित होना सही है।*

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सीटें कम होने और कांग्रेस की बढ़ने पर विपक्ष ने खुशी जाहिर करते हुए झूठे प्रचार की मुहिम छेड़ दी थी। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल कह रहे थे कि प्रधानमंत्री मोदी का जादू फीका पड़ गया है। भाजपा से जनता का मोहभंग हो गया है। राहुल गांधी तो सीधे प्रधानमंत्री मोदी का नाम लेकर व्यंग्यात्मक टिप्पणी कर रहे थे। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के नतीजों ने झूठ-सच का फैसला कर दिया। हरियाणा में पूर्ण बहुमत से लगातार तीसरी बार सत्ता पर काबिज होने के साथ ही जम्मू-कश्मीर में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा। नेशनल कांफ्रेंस को सत्ता मिली है। भाजपा को भी मतदाताओं ने मजबूत विपक्ष के तौर पर चुना है। जबकि नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन करके भी कांग्रेस बहुत पीछे रह गई। दोनों राज्यों में विकास कार्यों व जनहित की योजनाओं से मतदाता का रुझान भाजपा के प्रति रहा है। लोकसभा चुनाव में पिछड़ने के बाद भाजपा ने वापसी की है। हरियाणा की जीत से यह साबित हो गया है कि भाजपा किसान विरोधी नहीं है। किसानों के आंदोलन और कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी के झूठ का खुलासा हो गया है। अग्निवीर योजना के बारे में युवाओं को गुमराह करने का एजेंडा भी सफल नहीं हुआ। पहलवानों को सरकार के खिलाफ भड़का कर चुनाव में इस्तेमाल करने का हथकंडा कांग्रेस के काम नहीं आया। जम्मू-कश्मीर में सत्ता से वंचित रहने की भाजपा संगठन और राजनीति के विशेषज्ञ विश्लेषण करके निष्कर्ष निकालेंगे। हरियाणा की जीत से भाजपा का उत्साहित होना सही है। चुनाव नतीजे आने से पहले जिन लोगों ने किसान आंदोलन को लेकर हरियाणा में भाजपा के सत्ता से बाहर होने का अनुमान लगाया था, वह गलत साबित हुआ है। किसानों के आंदोलन को मतदाता ने बेमानी साबित कर दिया है। यदि हरियाणा में भाजपा के हाथ से सत्ता चली जाती, तो कुछ राज्यों में भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को परेशानी का सामना करना पड़ता। महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में विधानसभा चुनाव में अब भाजपा पूरे दमखम के साथ उतरने को तैयार हो गई है। हरियाणा में आम आदमी पार्टी को एक भी सीट नहीं मिलने के बाद दिल्ली में सत्ता बचाने की चिंता सताने लगी है। दिल्ली में कांग्रेस का पहले से ही जनाधार नहीं है। हरियाणा में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों की जमानत जब्त होने से भाजपा को यह गलतफहमी नहीं पालनी चाहिए कि दिल्ली विधानसभा चुनाव आसानी से जीत लेगी। दिल्ली, महाराष्ट्र और झारखंड में हरियाणा की जीत का उल्लेख करने के साथ ही जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को आम आदमी पार्टी के झूठ का पर्दाफाश करना होगा।

# अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम तैयार करने की जरूरत: भट्ट

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

मानसिक स्वास्थ्य का खराब होना हमें नशीले प्रदार्थों की तरफ ले जा सकता है और यहीं से अपराध की शुरुआत भी होती है यह कहना है पतंजलि विश्वविदायलय हरिदार के उपकुलपति डा. मयंक अग्रवाल, डा. मंयक अग्रवाल प्रसार भारती व दूरदर्शन के पूर्व महानिदेशक रहे हैं।

बुधवार को उत्तराखंड मुक्त विश्वविदायलय के एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में उन्होंने यह बात कही। युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने में मीडिया की भूमिका विषय पर आयोजित इस एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में नैनीताल संसदीय क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि समाज में आज जो लोग मानसिक स्वास्थ्य से जूझ रहे हैं तनाव व अवसाद में जा रहे हैं उसके पीछे की वजह हमारा संस्कारों से दूर होना है। उन्होंने कहा कि पहले से परिवारों का जो सामूहिक ढांचा था वह लगातार ध्वस्त होता जा रहा है एकल परिवारों का चलन बढ़ रहा है जिससे लोगों मे अवसाद पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि



समाज में पत्रकारों का बहुत बड़ी भूमिका है पत्रकारों को जहां समाज में एक सकारात्मक माहौल बनाने के लिए सकारात्मक खबरों को उजागर करना चाहिए वहीं संवेदनशीलता भी बरकरार रखनी होगी। हरिद्वार से आए पतंजलि विवि के उपकुलपति ने कहा कि हमारे टीवी चैनल लगातार प्राइम टाइम में इस तरह के धारावाहिकों को बढ़ाते हैं जो अँधविश्वास , जादू टोना, तंत्र मंत्र जैसी चीजों को बढ़ावा देते हैं। जिनमें वैज्ञानिकता का बहुत अभाव होता है। इंटरनेट पर आज हमारे बच्चे साइबर बुली, हैकिंग व खतरनाक खेलों की तरफ बढ़ रहा है बच्चों के प्रति हमारा दायित्व सबसे बड़ा है कि हम उन्हें समय दें और निगरानी रखें कि वह इंटरनेट पर क्या कर रहे हैं क्योंकि लगातार मोबाइल पर गेम खेलने से वह अवसाद की तरफ जा रहे हैं. उन्होंने वेदों व भारतीय ज्ञान परंपरा में इसके हल को तलाशा और कहा कि हमारी सामूहिकता ही इस मानसिक बीमारी से हमें उबारेगी।

कार्यक्रम के पहले सत्र की शुरुआत करते हुए राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन सचिव प्रो. राकेश चन्द्र रयाल ने बताया कि मीडिया को मानसिक स्वास्थ्य पर काम करने की बहुत जरूरत है। विश्विद्यालय के कुलपति प्रो, ओ.पी.एस नेगी ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय में बहुत सारे विषय संचालित हो रहे हैं हमें देखना होगा कि हमारा हर विषय कैसे समाज के लिए अधिक से अधिक उपयोगी साबित हो सकता है उन्हें समाज में सीधे कैसे अप्लाई कर सकते हैं व इसमें सासंद जी को कैसे जोड़ सकते हैं इस पर बात की। संगोष्ठी के आयोजन समिति की अध्यक्ष प्रो. रेनू प्रकाश प्रभारी कुलसचिव प्रो, पी.डी. पंत ने सभी का आभार व्यक्त किया। पहले सत्र का संचालन डा. शशांक शुक्ला ने किया।

डा. सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कालेज व अस्पताल में मानिसक रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डा. आकाश शर्मा ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर बने हुए कलंकों को मिथों को सबसे पहले हमें तोड़ना होगा। मीडिया में जो भी दिखाया जा रहा है उससे सबसे पहले युवा ही प्रभावित होता है लिहाजा उसके बुरे प्रभाव भी सबसे पहले युवाओं पर ही पड़ता है। संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के प्रो. गिरिजा पांडे, प्रो. एम.एम. जोशी, डा. अखिलेश सिंह, डा. मनोज पांडे, डा. आशुतोष बिष्ट, डा. गणेश जोशी, डा. डिगर सिंह फर्स्वाण, डा. शालिनी चौधरी, डा. मंजरी अग्रवाल, रेडक्रास सोसाइटी के कोषाध्यक्ष डा. मोहन खत्री, डा. कल्पना लखेड़ा, डा. राजेन्द्र क्वीरा, बृजेश बनकोटी डा. रुचि पांडे, डा. लता जोशी समेत बहुत से शोधार्थी मौजूद रहे।

## दो माह का वेतन न मिलने को लेकर वार्ता की

**नैनीताल** । दो माह का वेतन न मिलने पर नैनीताल नगर पालिका के कर्मचारियों व पर्यावरण मित्रों ने बुधवार को नगर पालिका के प्रशासक के.एन. गोस्वामी तथा अधिशासी अधिकारी दीपक गोस्वामी से विस्तार से वार्ता की। इस बीच प्रशासक के.एन.गोस्वामी ने कहा कि वेतन के मामले में पालिका प्रशासन गंभीर है। कहा कि सितंबर माह का वेतन कर्मचारियों के खाते में डाला जा चुका है जबकि अक्टूबर माह का वेतन भी 31 अक्टूबर तक सभी कर्मियों को मिल जाएगा। कहा कि दीपावली का बोनस भी सभी को त्यौहार से पूर्व ही मिल जाएगा। इस दौरान कर्मचारियों व पर्यावरण मित्रों ने कहा कि उन्हें दो महीने से वेतन नहीं मिला है और आगामी त्यौहारों का सीजन शुरू होने वाला है जिससे उन लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि वेतन के साथ साथ ऐरियर का भुगतान भी किया जाएं। जिसमें पर्यावरण मित्रों ने वेतन पूरा करने की मांग व बोनस एवं आउट सोसिंग का वेतन देने की मांग की। इस दौरान निकाय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष मोहन सिंह चिलवाल समेत सुनील कुमार खोलिया, रितेश कपिल, ओम प्रकाश चौटाला व राजेश समेत अन्य लोग रहें।

# साइबर सिक्योरिटी मुद्दे पर इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

शिक्षा नगरी नैनीताल शहर का प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज में प्रधानाचार्या किरन जरमाया के दिशा निर्देशन में केपीएमजी इंटरनेशनल कंपनी के तत्वावधान में कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं के लिए मंगलवार को साइबर सिक्योरिटी जैसे गंभीर मुद्दे पर इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया।



बता दें कि सत्र की मेजबानी केपीएमजी इंटरनेशनल की बंगलौर शाखा के प्रबंधक हर्षित पांडे ने की। पांडे ने बच्चों को बताया कि हम सभी डिजिटल दुनिया की तरफ तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और तकनीकी नवीनीकरण के क्षेत्र में इंसानों ने अद्वितीय प्रगति कर लिया है जिसका लाभ हर किसी को मिल रहा है। लेकिन विज्ञान का दुरुपयोग होने के कारण साइबर अपराध भी तीव्रता से अपना पैर पसार रहा है। उन्होंने छात्राओं से सोशल मीडिया ऐप्सए ट्रेंडिंग ऐप्स और गेम्स के बारे में चर्चा की। बच्चों को इंटरनेट एक्सेस करने के कानूनी पहलुओं जैसे कानूनी उम्र, नैतिकता और सोशल मीडिया और गेमिंग के उपयोग के नियमों के बारे में बताया गया और छात्राओं को वास्तविक और आभासी जीवन को विवेकपूर्ण तरीके से संभालने की सलाह दी गई। छात्राओं को साइबर बुलईंग, हैकिंग, फि शिंग तथा क्लोनिंग, डेटा चोरी तथा डिजिटल धोखाधड़ी और रूमिंग जैसी विभिन्न शब्दावली से परिचित कराया गया। दर्शकों को एथिकल हैकिंग और हैकिंग के बीच के अंतर को स्पष्ट किया गया और डिजिटल व्यक्तित्व के परिणामों के बारे में बताया गया। पांडे ने वीडियो और कहानियों के माध्यम से छात्राओं को डेटा की गोपनीयता और सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के गुर भी सिखाये। उन्होंने सभी को दो चरणीय सत्यापन, टिप्पणी नियंत्रण तथा एक मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने आदि जैसे विभिन्न तरीकों से अवगत कराया जिसे छात्राएं साइबर अपराध से बचने के लिए अपना सकते हैं। अंत में प्रधानाचार्या किरन जरमाया ने हर्षित पांडे को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने सत्र को ज्ञानवर्धक और प्रासंगिक बताते हुए कहा कि अब जब बहुत ही जल्द छात्राएं दीपावली की छुट्टियों के लिए अपने घर जायेंगी तो उनके पास सभी नवीन डिजिटल उपकरण मौजूद रहेंगे और ऐसे मे छात्राओं को अपनी ऑन लाइन जिम्मेदारी का एहसास होना बहुत ही महत्वपूर्ण है।

# फिल्मी दुनिया

## बार-बार अभिनय से ब्रेक लेने पर काजोल की राय




*बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं। काजोल ने अपने शानदार फिल्मी करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। हालांकि, उन्होंने अपने परिवार और बच्चों को अभिनय से ज्यादा प्राथमिकता दी, जिसकी वजब से उन्हें कई बार अभिनय से दूर लंबे ब्रेक भी लिए हैं। एक इंटरव्यू के दौरान काजोल ने अभिनय से ब्रेक लेने के बारे में खुलकर बात की और खुद को सबसे कम काम करने वाली अभिनेत्री बताया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान काजोल ने कहा, अगर आप मेरी फिल्मोग्राफी देखें, तो मैं शायद सबसे कम काम करने वाली अभिनेत्री में से हूं। मेरी मां (दिग्गज अभिनेत्री तनुजा) और दादी (दिवंगत निर्देशक और अभिनेत्री शोभना समर्थ) ने हमेशा मुझसे कहा कि काम आपके जीवन का एक हिस्सा है, न कि आपका पूरा जीवन। मैंने ब्रेक लिया। मैं शादी करना चाहती थी और बच्चे पैदा करना चाहती थी। शुक्र है कि मैं अभी भी काम कर रही हूं और मैं अभी भी बेहद खुश हूं। आगे काजोल ने मजाकिया अंदाज में कहा, मैं अब तक अच्छा अनुभव रखने के लिए सभी की आभारी हूं। वैसे इन दिनों काजोल अपनी आगामी फिल्म दो पत्ती को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। इस फिल्म में काजोल के साथ कृति सेनन भी नजर आएंगी। कृति की बतौर निर्माता यह पहली फिल्म है तो वहीं शहीर शेख की बॉलीवुड में पहली फिल्म है। इस फिल्म में काजोल एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। यह फिल्म एक सीधी-सादी पुलिस अधिकारी को जुड़वां बहनों की कहानी है।*

### कब काम करना चाहती हैं-काजोल

*काजोल ने आगे यह भी कहा, मुझे अभिनय विरासत में नहीं मिली। यह हर महिला का काम है। नरगिस, शर्मिला टैगोर की कोई विरासत नहीं थी। मैं आज जो कुछ भी हूं, वह मेरे वंश की वजह से नहीं है। यह हर उस महिला की विरासत है, जिसने काम किया है। हर महिला को यह फैसला लेना होता है कि अब मैं ब्रेक लूंगी और अगर मैं वापस आना चाहती हूं, तो मैं वापस आऊंगी और अगर वह चाहेगी तो ऐसा कर पाएगी।*

# सांसद भट्ट ने किया निर्माणाधीन सर्किट हाउस का निरीक्षण

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

मंगलवार को सांसद अजय भट्ट ने स्टेडियम के सामने निर्माणाधीन सर्किट हाउस का विधायक शिव अरोरा, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।

उन्होंने कार्य प्रगति व गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए सराहना की। निरीक्षण के दौरान डीएम उदयराज सिंह व कार्यदायी संस्था पेयजल निर्माण निगम के सहायक अभियंता एससी भट्ट ने बताया कि 3624.06 लाख की धनराशि से तीन मंजिला सर्किट हाउस बनाया जा रहा है। जिसमे सीएम सूट, कार्यालय व 11 वीआईपी सूट,8 सामान्य सूट, मीटिंग हॉल, मैनेजर कक्ष बनाये जा रहे है जबकि परिसर के दूसरे ब्लॉक में 1 डोर मेट्री,5 स्टाफ रूम, कैन्टीन बनाये जा रहे हैं। उन्होंने निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण करने को कहा।



News कॉर्नर

## पेंशन जागरूकता शिविर का आयोजन

**नैनीताल।** मुख्य कोषाधिकारी नैनीताल दिनेश कुमार राणा की अध्यक्षता में कोषागार नैनीताल द्वारा 28 अक्टूबर (सोमवार) को कलेक्ट्रेट कैम्पस तल्लीताल नैनीताल में पेंशन जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। राणा के मुताबिक शिविर में ऑनलाईन जीवित प्रमाण जमा किये जाने में आ रही समस्याओं का समाधान किया जायेगा साथ ही ऑनलाईन मोबाईल एप्लीकेशन से जीवित प्रमाण पत्र जमा किये जाने की प्रक्रिया से अवगत कराया जायेगा। एसजीएचएस गोल्डन कार्ड तथा पेंशन पुनरीक्षण से सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। राणा ने समस्त पेंशनर/ पारिवारिक पेंशनर से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी पेंशन सम्बन्धी नवीन जानकारी, ऑनलाईन जीवित प्रमाण पत्र, एसजीएचएस तथा गोल्डन कार्ड तथा पेंशन पुनरीक्षण से सम्बन्धित किसी भी समस्या के निस्तारण हेतु शिविर का लाभ उठाने की गुजारिश की है।

## 10 ग्राम स्मैक समेत युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने चोरगलिया रोड पर एक युवक को 10.01 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। एसआई निधि शर्मा के नेतृत्व में एक टीम ने संदिग्ध गतिविधियों की जांच के दौरान एक युवक को भागते हुए देखा। जब पुलिस ने उसे रोका, तो उसने अपना नाम मिराज बताया, और कहा कि वह स्मैक के कारण भाग रहा था। जिसे पुलिस ने धर दबोचा। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 10.01 ग्राम स्मैक स्मैक बताया। मिराज ने स्वीकार किया कि वह इसका सेवन करता है और इससे पहले भी जेल जा चुका है।

# डीएम वंदना ने ली जल जीवन मिशन के तहत ली गई बैठक

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बुधवार को नैनीताल क्लब सभागार में जल संस्थान और जल निगम के रामनगर, हल्द्वानी और भीमताल डिवीजनों की जल जीवन मिशन की समीक्षा की और अगस्त माह में जल जीवन मिशन के तहत ली गई बैठक में दिए गए निर्देशों पर की गई कार्यवाही की अपडेट ली। बता दें कि अगस्त और सितंबर माह में डीएम ने ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा की थी जिसमें प्रधानों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया था। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर समस्या के समाधान के निर्देश दिये थे उसी क्रम में बुधवार को विभागों से फोलो अप



लिया गया। डीएम ने जल संस्थान, जल निगम भीमताल तथा हल्द्वानी और रामनगर की जल जीवन मिशन के तहत फेज 1 तथा 2 में हो रहे कार्यों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने फेज 1 के सभी अवशेष योजनाओं को जल्द क्लोज करने और फेज 2 में हो रहे निर्माणकार्यों कार्यों को गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करने की बात कही। जिससे लिए उन्होंने संबंधित विभाग कार्यदाही और ठेकेदारों से आपसी तालमेल के साथ कार्य करने को कहा। भीमताल की जेजेएम योजना की समीक्षा के दौरान अधिशाषी अभियंता जल संस्थान ने बताया कि वर्तमान में कुल 76 योजनाओं में कार्य चल रहा है जिसमें 59 योजनाओं का कार्य पूरा हो चुका है, जिस पर जिलाधिकारी ने भीमताल के जन प्रतिनिधियों से दूरभाष के माध्यम से योजना, गुणवत्ता और विभागों द्वारा बताई गयी प्रगति को दूरभाष से वार्ता कर वेरिफाई किया।जिस पर कुछ प्रतिनिधियों ने कार्यों को लेकर अपनी संतुष्टि व्यक्त की। साथ ही जिलाधिकारी अन्य शेष योजनाओं को एक माह में पूरा करने के निर्देश दिए। जल संस्थान हल्द्वानी की जेजेएम योजना में कार्य में देरी पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में गुणवत्ता के साथ तेजी लाने और कार्य में धीमी व लापरवाही करने वाले ठेकेदारों का बांड निरस्तीकरण कर विभागीय कर्मचारी पर कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं में डीडब्ल्यूएसएम के सहमति के बिना एक्सटेंशन दिया गया है ऐसी सभी योजनाओं की सूची सीडीओ को तैयार कर उपलब्ध कराने की निर्देश दिएए विभागों को कहा कि बिना औचित्यपूर्ण कारण से यदि ठेकेदार को अवधि विस्तार दिया जाता है तो राज्य सरकार को होने वाली वित्तीय हानि की वसूली संबंधित अधिशासी अभियंता से की जाएगीए इसलिए यदि ठेकेदार काम नहीं करते हैं तो उनके अनुबंध बिना देरी के निरस्त किया जाए, साथ हीए योजना के तहत 80 प्रतिशत हो चुके कार्यों में अधिशासी अभियंता को ठेकेदार के साथ समीक्षा कर कार्य में तेज़ी लाने और उनके कार्य मानिटीरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने 15 नवंबर तक हर घर जल सत्यापन करने के लिए ग्रामीण.शहरी इलाकों में खुली चौपाल या बैठक के माध्यम से सत्यापन कराने की बात कही। इस दौरान कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, नैनीताल की सरिता आर्य सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत, मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे, डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी समेत जल संस्थान तथा जल निगम के जिले भर से आए अधिकारी उपस्थित थे।

# एक नवबंर को महालक्ष्मी पूजन किया जा सकता है : आचार्य कैलाश चंद्र

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

वर्तमान में दीप पर्व दीपावली पर महालक्ष्मी पूजन की तिथि को लेकर चल रहे विवाद के बीच सेवानिवृत वन क्षेत्राधिकारी, व्यास तथा आचार्य कैलाश चंद्र सुयाल का स्पष्ट मानना है कि विभिन्न मतों के अनुसार दोनों ही दिन (31 अक्टूबर व एक नवबंर) श्री महालक्ष्मी पूजन किया जा सकता है परंतु द्वितीय दिवस यानी एक नवंबर को मनाया जाना अधिक तर्कपूर्ण है। इसलिए इस वर्ष सभी आग्रहों को त्यागकर श्री महालक्ष्मी पूजन दिनांक 1 नवंबर को किया जाए।

आचार्य सुयाल ने बताया कि महालक्ष्मी पूजन की तिथि 31 अक्टूबर अथवा 1 नवंबर को लेकर किंचित विवाद की स्थिति बनी हुई है जबकि कांची पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी विजयेन्द्र सरस्वती महाराज द्वारा गत वर्ष



ही इस वर्ष के महालक्ष्मी पूजन के लिए 1 नवंबर की तिथि विभिन्न विद्वानों से विचार विमर्श पश्चात सुनिश्चित किया था तो अब इस प्रकार इसे विवादित करना समीचीन नहीं है। कहा कि कुमाऊं क्षेत्र में प्रचलित तीनों प्रमुख पंचांगों श्री गणेश मार्तण्ड, श्री तारा प्रसाद व नक्षत्र लोक में 1 नवंबर को महालक्ष्मी पूजन प्रदर्शित किया गया है। 31 अक्टूबर को दीपावली मनाने का आह्वान करते लोगों तक यह संदेश देना चाहेंगे कि सर्वमान्य ज्योतिष ग्रन्थ तिथि तत्व में दण्डैकरजनी योगे दर्श- स्यात्तु परेहनि तथा विहार पूर्वेद्युकहकर 1 नवंबर को ही श्री महालक्ष्मी पूजन का निर्देश दिया है। सुयाल के मुताबिक श्री नयना देवी मंदिर के सूचना पटल पर भी 1 नवंबर को ही श्री महालक्ष्मी पूजन प्रदर्शित किया गया है,वहीं प्रांतीय व्यापार मंडल हल्द्वानी द्वारा आयोजित निर्णय सभा में 1 नवंबर को श्री महालक्ष्मी पूजन प्रदर्शित किया गया है जबकि प्रादेशिक राजधानी देहरादून में नगर के मान्य विद्वानों की श्री कालिका मंदिर में आयोजित सभा में 1 नवंबर को ही श्री महालक्ष्मी पूजन प्रदर्शित किया गया है। मुख्य बात यह है कि दोनों दिन प्रदोष व्यापिनी अमावास्या होने पर द्वितीय दिवस महालक्ष्मी पूजन का मार्ग प्रशस्त हो गया है साथ ही चूंकि प्रथम दिवस अमावास्या चतुर्दशी विद्धा है इसलिए इस दिन श्री महालक्ष्मी पूजन उचित नहीं है,परंतु इस विषय में मतभेद होने का यह अर्थ नहीं है कि इसमें विद्वानों की कोई त्रुटि है। दरअसल ज्योतिष के मुहूर्तादि ग्रहों नक्षत्रों व तारों की परिगणित सिद्धांतों से परिचालित होता है इसलिए यह बहुत ही जटिल विषय है तथा इसमें मत विभाजन अवश्यंभावी है। यह भारतीय ज्योतिष की महत्ता को भी परिलक्षित करता है।

# गोलीकांड के छह आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

दिन-दहाड़े गोलीबारी की एक गंभीर घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छह शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। यह घटना सरकारी सस्ते-गल्ले की दुकान को लेकर हुई थी। पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

मंगलवार को हुई इस घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी ने बताया कि 22 अक्टूबर को ग्राम देवरामपुर में सस्ते गल्ले की दुकानों के प्रस्ताव पर बैठक चल रही थी। बैठक के दौरान मोहित जोशी और राजू पांडे के बीच बहस हो गई। कैलाश चंद्र, जो कि बैठक में उपस्थित थे, ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घटना के बाद, कैलाश अपने दुकान के बाहर खड़ा था, तभी तीन कारों में सवार मोहित, राजू और उनके अन्य साथियों ने हमला कर दिया। पथराव के साथ ही एक आरोपी ने फायरिंग भी की। कैलाश अपनी जान बचाने के लिए भाग गए। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। सभी छह आरोपी भागने की कोशिश कर रहे थे, जिन्हें आर्शीवाद कॉम्प्लेक्स के पास से गिरफ्तार किया गया। उनके पास से घटना में इस्तेमाल की गई दो कारें, एक कंट्री मेड पिस्टल और दो कारतूस बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपियों में सतीश सनवाल निवासी इन्द्रपुर, गरवाल, भगत सिंह दरियाल निवासी इन्द्रानगर, बिन्दुखत्ता, विजय जोशी निवासी कार रोड, राजीव नगर, बिन्दुखत्ता, राजेन्द्र पांडेय उर्फ राजू निवासी देवरामपुर, हिमांशु बमेठा निवासी हरिपुर बच्ची, मोहित जोशी निवासी दीना शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार, इस घटना में एक ही पिस्टल का इस्तेमाल किया गया था, लेकिन गोली चलाने के आरोपी भगत और विजय हैं। सतीश सनवाल, जो पहले भी हत्या के प्रयास के आरोप में जेल जा चुका है, के खिलाफ 2019 से 2024 के बीच चार मुकदमे दर्ज हैं। विजय जोशी पर 2019 से 2022 के बीच तीन मुकदमे हैं, जबकि भगत सिंह दरियाल के खिलाफ 2023 से 2024 के बीच तीन मामले दर्ज हैं। एसएसपी ने पुलिस टीम को ढाई हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

# वन आरक्षियों के साथ तस्करों व वन्य जीवों से संबंधित घटनाओं में चर्चा



**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

वन बीट अधिकारी/ वन आरक्षी संघ की बैठक सरजीत सिंह संयुक्त मंत्री कुमाऊं, मलकीत सिंह उपाध्यक्ष कुमाऊं व दीप चंद्र शर्मा संगठन मंत्री कुमाऊं के आह्वान पर आयोजित की गई, बैठक में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतुल भगत भी उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य एजेंडा कुमाऊं मंडल में लगातार होने वाली वन आरक्षियों के साथ तस्करों व वन्य जीवों से संबंधित घटनाओं में चर्चा करना रहा। बैठक में सभी ने अपनी- अपनी राय रखी तथा अंत में यह निर्णय लिया गया कि वन आरक्षियों के हितों हेतु एक मंडल स्तर पर कार्यकारणी बनाई जाए जिसके क्रम में हर्ष वर्धन गाढिया को मंडल अध्यक्ष, बलवंत भंडारी को मंत्री तथा राकेश शाह को संगठन मंत्री, अरविंदर सिंह को उपाध्यक्ष तथा प्रमोद पंत को कोषाध्यक्ष, चंदन राम को प्रचार मंत्री, गौरव आर्य को संप्रेक्षक, कमल सिंह को आडिटर सर्व सहमति से निर्विरोध चुना गया।

हल्द्वानी के गौलापार में हुई बैठक में कुमाऊं मंडल से समस्त प्रभागों व वृत्त स्तर से श्याम सिंह चम्याल,आनन्द सिंह रावत, मलकीत सिंह, भूपाल सिंह करायत, गुरविंदर सिंह,मुजाहिद हुसैन, जसवंत देवपा, नन्दा प्रसाद, नवल किशोर, दीपक कुमार तथा पुष्पेंद्र आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 16 नवम्बर तक मतदाता सूची की गणना एवं सर्वे कार्य किया

**नैनीताल।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक चुनाव को स्वतंत्र तथा निष्पक्ष एवं त्रुटिहीन तरीक से नामावलियां तैयार करने हेतु 16 नवम्बर (शनिवार) तक संगणकों द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची की गणना एवं सर्वे कार्य किया जायेगा। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पंचास्थानी/ अपर जिलाधिकारी शिव चरण द्विवेदी ने बताया कि 16 नवम्बर (शनिवार) तक संगणकों द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची की गणना एवं सर्वे कार्य हेतु संगणक गणना कार्य की आकस्मिक जांच अवश्य करेंगें। उन्होंने कहा कि गणना कार्य की सूचना पंचास्थानी चुनावालय कार्यालय विकास भवन भीमताल को देना सुनिश्चित करेंगे।

# डॉ. नाजा ने प्रभारी निदेशक का पदभार ग्रहण किया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) में मंगलवार को डॉ. मनीष नाजा ने एरीज के प्रभारी निदेशक डॉ. बृजेश कुमार से एरीज के पूर्णकालिक निदेशक का पदभार ग्रहण किया है।

बता दें कि डॉ. नाजा की वर्ष 2006 में एरीज में नियुक्ति हुई और निदेशक का पद संभालने से पहले वे वैज्ञानिक-जी के पद पर कार्यरत थे। वह पिछले 4 वर्षों से संस्थान के वायुमंडलीय विज्ञान विभाग का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने लगभग 90 शोध पत्रों का सह लेखन किया है और 8



छात्रों का पीएचडी के लिए मार्गदर्शन किया है। डॉ. नाजा ने एरीज में एस्ट्राड सुविधा और वायुमंडलीय अनुसंधान के क्षेत्र में कई अन्य सहयोगी परियोजनाओं की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आशा जतायी है कि उनके नेतृत्व में संस्थान प्रगति करता रहेगा तथा खगोल विज्ञान और वायुमंडलीय विज्ञान में अत्याधुनिक शोध कार्यों में योगदान देता रहेगा। बता दें कि एरीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान है। एरीज खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी तथा वायुमंडलीय विज्ञान में विशेषज्ञता रखता है और देवस्थल वेधशाला परिसर में 4 मीटर अंतर्राष्ट्रीय तरल दर्पण टेलीस्कोप आईएलएमटी तथा 3.6 मीटर देवस्थल ऑप्टिकल टेलीस्कोप (डीओटी) के साथ मनोरा पीक स्थित मुख्य परिसर में 206.5 मेगाहर्ट्ज पर संचालित होने वाले एक अनूठे स्ट्रेटोस्फीयर. ट्रोपोस्फीयर रडार (एस्ट्राड) सहित कई अत्याधुनिक प्रेक्षण सुविधाओं का संचालन करता है।

# बलियानाले के विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने बुधवार को नैनीताल शहर के अति संवेदनशील कहे जाने वाले बलियानाले पर किए जा रहे सुरक्षात्मक तथा विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

बता दें वर्तमान में बलियानाले में भूस्खलन की घटनाओं को रोकने के लिए आईआईटी के निर्देशन में सिंचाई विभाग द्वारा सुरक्षात्मक कार्य किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता सिंचाई विभाग ने बताया कि बलिया नाले की तरफ भूस्खलन से पहाड़ी का ढाल अधिक हो गया है जिस कारण निकटवर्ती आवासीय परिवारों के अस्तित्व को खतरा



पैदा हो गया है इसीलिए यहां पूर्व में संचालित जीआईसी इंटर कॉलेज को भी अन्यंत्र कॉलेज में प्रतिस्थापित कर संचालित कर विद्यार्थियों को शिक्षण दिया जा रहा है। भूस्खलन के कारण दरकी पहाड़ी को स्थायित्व प्रदान करने के लिए सेल्फ ड्रिलिंग एंकरिंग, पायलिंग तथा शॉर्टकिट, रेनफ रॅस्टमेंट तथा जिओ टेक्सटाइल आदि अन्य तकनीकी माध्यम से और स्लोप के माध्यम से पहाड़ी का ढलान काम करने करने के कार्य किया जा रहे हैं। इस कार्य को भौगोलिक परिस्थिति के दृष्टिगत कई भागों में वितरित कर किया जा रहा है। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने कार्यदायी संस्था व संबंधित अभियंता को कार्य की उच्च गुणवत्ता और कार्य को सफ ाई के साथ करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान आयुक्त रावत ने कार्य की मास्टर प्लान का भी अध्ययन किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी फि ंचा राम चौहान, संयुक्त मजिस्ट्रेट नैनीताल वरुणा अग्रवाल, मुख्य अभियंता सिंचाई विभाग समेत अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग, अधिशासी अभियंता जल संस्थान तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी व तहसीलदार नैनीताल आदि मौजूद रहे।